प्रतियोगिता | निबंध प्रतियोगिता में दिखी रचनात्मकता

# रेलवे हाईस्कूल में बच्चों ने कागज पर उकेरे विचार



**नवभारत,जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे कल्याण संगठन के तत्वाधान में डब्ल्यूसीआर हाई स्कूल, लोको तलैया में विद्यार्थियों की रचनात्मक अभिव्यक्ति और लेखन क्षमता को निखारने के उद्देश्य से निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 40 विद्यार्थियों ने निर्धारित विषयों पर अपने विचारों को प्रभावशाली ढंग से शब्दों में पिरोया। पश्चिम मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती ऋचा सिंह की गरिमामय उपस्थिति ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ रचनात्मक लेखन और स्वतंत्र चिंतन बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए बेहद जरूरी है। ऐसी प्रतियोगिताएं आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति की क्षमता को मजबूत करती हैं। प्रतियोगिता में बच्चों को आयु के आधार पर तीन वर्गों में बांटा गया। 6 से 9 वर्ष के ग्रुप-1 में स्वस्थ भोजन पौष्टिक आहार और मेरे कक्षा अध्यापक मेरी कक्षा अध्यापिका, 10 से 12 वर्ष के ग्रुप-2 में 'मनोरंजन गतिविधियों का जीवन में महत्व' और 'संयुक्त परिवार या एकल परिवार' तथा 13 से 15 वर्ष के ग्रुप-3 में 'देश की बढ़ती जनसंख्या—वरदान या अभिशाप?' और 'पीढ़ी जेन-जी' विषय रखे गए। बच्चों ने अपनी सोच और कल्पनाशीलता को निबंध के माध्यम से कागज पर उतारा।

### इनकी रही उपस्थिति

आयोजन में महिला कल्याण संगठन की सचिव रेनू गौतम, संयुक्त सचिव सारिका गुप्ता और कोषाध्यक्ष शाहवर हाशमी सहित संगठन की अन्य सदस्याएं मौजूद रहीं। सदस्याओं ने प्रतियोगिता के संचालन में सहयोग देने के साथ विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के जरिए बच्चों में साहित्यिक रुचि, सामाजिक जागरूकता, स्वतंत्र विचार और सृजनात्मक लेखन को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

## आवास लोन के नाम पर 60 हजार ऐंठे

**नवभारत,जबलपुर।** विजयनगर थाना अंतर्गत बल्दीकोरी की दफाई कांचघर निवासी युवक को आवास लोन दिलाने के नाम पर जालसाज ने 60 हजार रूपए ऐंठ लिए। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक रविवार को राजकरण कोरी 32 वर्ष निवासी बल्दीकोरी की दफाई कांचघर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह दुर्गेश तिवारी निवासी प्रोफेसर कॉलोनी माढ़ोताल से आवास लोन फाईनेंस कराने की बात को लेकर पिछले वर्ष जून 2025 में मिला था जिसने उसे आवास योजना के तहत जो नगर निगम द्वारा मकान दिलवाये जाते हैं उनका फाईनेंस कराने का काम करना बताया एवं एक सप्ताह में उसका आवास योजना के तहत नगर निगम द्वारा जो कुदवारी में घर दिये जा रहे हैं वहां मकान फाईनेंस करवा देगा, दुर्गेश तिवारी के कहने पर वह विजयनगर स्थित घड़ी चौक पर 60 हजार ट्रांसफर कर दी थी लेकिन लोन फाइनेंस नहीं हुआ। पैसे वापस मांगने पर दुर्गेश तिवारी वापस नहीं कर रहा है।



# हल्दी-कुंकू की परंपरा के साथ हरियाली का संदेश

ईरा नंदनी कायस्थ वूमेन क्लब का आयोजन

**नवभारत,जबलपुर।** ईरा नंदनी कायस्थ वूमेन क्लब की ओर से महाराष्ट्रीयन महिलाओं के पारंपरिक सुहाग पर्व 'हल्दी-कुंकू' की थीम पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने महाराष्ट्र की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को अपने परिधान, श्रृंगार और पारंपरिक गतिविधियों के माध्यम से जीवंत किया। आयोजन में सभी महिलाएं महाराष्ट्रीयन पारंपरिक साड़ियों और आकर्षक श्रृंगार में नजर आईं।

इस दौरान महाराष्ट्र के पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पारंपरिक खेलों और मनोरंजक गतिविधियों के बीच महिलाओं ने एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा कीं और भारतीय संस्कृति एवं लोक परंपराओं को सहेजने का संदेश दिया। आयोजन का विशेष आकर्षण हरियाली उत्सव रहा। क्लब की ओर से पर्यावरण संरक्षण और हरित जीवनशैली का संदेश देते हुए प्रत्येक महिला को गमले में पौधा उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. नम्रता चंद्र, अर्चना श्रीवास्तव और कीर्ति श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक उल्लास के साथ सहभागिता की और पौधों की देखभाल कर हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष शीतल श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अंशुल वर्मा ,सिमरन सक्सेना, निधि श्रीवास्तव, राजश्री खरे, रुचि श्रीवास्तव, निधि खरे सहित संस्था के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों ने रचनात्मक प्रतिभा का किया प्रदर्शन

भारतीय शिक्षा व्यवस्था - अतीत, वर्तमान एवं भविष्य विषय पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का समापन

**नवभारत,जबलपुर।** विद्यार्थियों की प्रतिभा, रचनात्मकता एवं विचारों को सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस कमेटी (शहर), जबलपुर द्वारा आयोजित निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता के चौथे चरण का रविवार को सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए 'भारतीय शिक्षा व्यवस्था - अतीत, वर्तमान एवं भविष्य' विषय पर अपने विचारों, कल्पनाशीलता एवं रचनात्मक प्रतिभा का प्रभावी प्रदर्शन किया। निबंध एवं चित्रकला के माध्यम से विद्यार्थियों ने भारतीय शिक्षा व्यवस्था के बदलते स्वरूप, वर्तमान चुनौतियों तथा भविष्य की संभावनाओं को अपने दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया।

इस संबंध में कांग्रेस अध्यक्ष (शहर), सौरभ नाटी शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभा और रचनात्मक सोच को सामने लाने के उद्देश्य से यह अभियान निरंतर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में विचार करने, प्रश्न पूछने, सृजन करने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने की क्षमता विकसित करना भी आवश्यक है। ऐसे आयोजन बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ समसामयिक विषयों पर स्वतंत्र रूप से सोचने का अवसर प्रदान करते हैं। श्री शर्मा के अनुसार आगामी चरण का आयोजन 20 सितंबर को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक जानकीरमण महाविद्यालय, आगा चौक, जबलपुर में किया जाएगा।

# 18 को मनाया जाएगा अमर शहीद राजा शंकर शाह का बलिदान दिवस



आदिवासी अधिवक्ता सेवा संघ ने दिया समर्थन

**नवभारत,जबलपुर।** गोंडवाना साम्राज्य के अमर शहीद राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह के 169 वें बलिदान दिवस 18 सितंबर को भव्यता पूर्वक मनाने के लिए आदिवासी अधिवक्ता सेवा संघ जबलपुर ने पूर्ण समर्थन दिया है। इस दौरान

गोंडवाना साम्राज्य के अमर शहीद राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह के 169 वे बलिदान दिवस 18 सितंबर को भव्यता पूर्वक मनाए जाने और उसमें अपनी सहभागिता करने के लिए आदिवासी अधिवक्ता सेवा संघ जबलपुर के अधिवक्ताओं ने प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर एक बैठक आयोजित की जिसमें राजा साहब के द्वारा बताए गए मार्गों पर विचार विमर्श किया और देश में आदिवासियों की दशा और दिशा पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ के संभागीय अध्यक्ष किशोरीलाल भलावी, जिला अध्यक्ष नेम सिंह मरकाम, व्यवस्था प्रभारी राजेंद्र चौधरी, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष अजय झारिया, डी.एल. कोर्चे, एम. एम. मर्सकोले, डा. के. एल. धुर्वे, नोखेलाल बरकड़े, सरमन रजक एवं अधिवक्ता सेवा संघ जबलपुर की ओर से एडवोकेट राजेंद्र मरावी, जय रौतिया, प्रदीप कुमार सिंह उइके, ज्वाला प्रताप सिंह, गायत्री मरावी, मोहबती मरावी महेश भलावी, शिवांशु कोल, रेवेंद्र सिंह उबेती, संजू श्याम, बाल सिंह मरावी , धन सिंह मरावी, मुक्तेश्वर राव आदि उपस्थित रहे।



## एमपी फार्मासिस्ट एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन

अमित जैन बने नए जिलाध्यक्ष

**नवभारत,जबलपुर।** एम पी फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अमित सिंह ठाकुर के नेतृत्व में जिला जबलपुर की जिला कार्यकारिणी का सफलतापूर्वक नवीनीकरण किया गया है। संगठन को मजबूती प्रदान करने और फार्मासिस्टों के हित में निरंतर कार्य करने के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में अमित जैन को जबलपुर जिला अध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। इसके साथ ही सुभाष गिरी एवं सुनील मिश्रा को उपाध्यक्ष, सचिन असाटी को संगठन मंत्री तथा रितेश सिंह को जिला सह-संगठन मंत्री नियुक्त किया गया है। संगठन के प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्यों को गति देने के लिए सचिव पद पर विकास भट्ट, कोषाध्यक्ष पद पर धर्मनिधि तिवारी और सह-कोषाध्यक्ष पद पर अमन गुप्ता को जिम्मेदारी दी गई है। मीडिया की जिम्मेदारी संभालते हुए विनीत पाण्डेय को मीडिया प्रभारी और शुभम असाटी को सह-मीडिया प्रभारी बनाया गया है। वहीं तहसील स्तर पर संगठन का विस्तार करते हुए हिमांशु वर्मा को बरेला तहसील प्रभारी और शिवम साहू को मंझोली तहसील प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मृदुल जैन एवं दिनेश शाह को शामिल किया गया है।

# अस्पताल में जरूरतमंदों को मिला भोजन



15 वीं वर्षगांठ पर सेवा कार्य

**नवभारत , जबलपुर ।** विक्टोरिया अस्पताल मेडिकल कॉलेज में संघवी सेवा समिति ने अपने 15वें स्थापना दिवस पर सेवा कार्य किया। इस दौरान अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचे मरीजों और उनके परिजनों को मिष्ठान, पूरी, दाल, सब्जी और फल का नि:शुल्क वितरण किया गया। सेवा आयोजन में वरिष्ठ समाजसेवी एवं उद्योगपति शीतल समदड़िया परिवार की भी मौजूदगी रही। समिति की ओर से पिछले 15 वर्षों से अस्पताल परिसर में मात्र ?5 में भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। समिति का उद्देश्य दूर-दराज से इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को कम कीमत में भोजन उपलब्ध कराना है। समिति के अनुसार, अब तक करीब 28 लाख मरीजों और उनके परिजनों ने इस सेवा का लाभ लिया है।

### जनसहयोग से जारी है सेवा

समिति के सदस्यों ने बताया कि यह भोजन सेवा किसी सरकारी अनुदान के बजाय शहरवासियों और समाज के सहयोग से पिछले 15 वर्षों से जारी है। अस्पताल में इलाज के लिए दूर-दराज से आने वाले मरीजों और कई दिनों तक रुकने वाले उनके परिजनों के लिए ?5 में भोजन की सुविधा उनके खर्च का बोझ कम करने में मदद करती है। स्थापना दिवस पर भी समिति के सदस्यों और सहयोगियों ने मरीजों एवं परिजनों को भोजन व फल वितरित किए। आयोजन में समिति अध्यक्ष पंकज संघवी, उपाध्यक्ष मयूर संघवी, सचिव मुकेश जैसवाल, अशोक जैन, सचिन जैन, दीपक जैन और बंटी गोलछा सराफा सहित अन्य सहयोगियों का योगदान रहा। सदस्यों ने कहा कि जरूरत के समय मरीजों और उनके परिजनों तक भोजन पहुंचाना ही इस सेवा का मुख्य उद्देश्य है।



## एवी प्राइम की डीलर मीट में जुटे 200 से अधिक डीलर्स

**नवभारत,जबलपुर।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड एवी प्राइम की डीलर मीट में शुक्रवार को होटल सोन एलिजे में 200 से अधिक डीलर्स जुटे। आगामी दीपावली और त्योहारी सीजन को देखते हुए कंपनी ने नई उत्पाद श्रृंखला के साथ अपनी व्यावसायिक योजनाएं और स्कीम्स साझा कीं, वहीं डीलर्स ने उत्पादों में रुचि दिखाते हुए बड़ी संख्या में अग्रिम बुकिंग की। कंपनी निदेशक आशीष जैन ने बताया कि दिल्ली के नरेला में इसी वर्ष शुरू हुई कंपनी की विनिर्माण इकाई में एलईडी टीवी, सीलिंग फैन और फर्राटा फैन का निर्माण किया जा रहा है। अब आगामी कूलर सीजन से कूलर के सभी मॉडलों की असेंबलिंग भी कंपनी खुद करेगी।कंपनी के मुताबिक इन-हाउस असेंबलिंग से उत्पादन और गुणवत्ता पर बेहतर नियंत्रण के साथ बाजार की मांग के अनुरूप उपलब्धता बढ़ेगी। डीलर मीट में सर्विस नेटवर्क के विस्तार, नए आधिकारिक सर्विस चैनल और ग्राहकों को बिक्री-पश्चात बेहतर सेवा देने की जानकारी भी दी गई। बजाज फाइनेंस की योजनाओं से डीलर्स को अवगत कराया गया, ताकि ग्राहकों को आसान वित्तीय विकल्प मिल सकें। कार्यक्रम में जबलपुर के सीएंडएफ एवं डिस्ट्रीब्यूटर जय सेल्यूलर की ओर से अतिथियों और डीलर्स का स्वागत किया गया।

# शिक्षकों के सम्मान में सजा सतपुड़ा क्लब

महिला कल्याण संगठन ने बढ़ाया उत्साह



**नवभारत, जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल महिला कल्याण संगठन द्वारा डब्ल्यूएसईसी हाई स्कूल, आशादीप एवं फुलवारी के शिक्षकों के सम्मान में सतपुड़ा क्लब में गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि संगठन की अध्यक्षा पूनम खत्री तलरेजा ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को ज्ञान नहीं देते, बल्कि उनके व्यक्तित्व, संस्कार और भविष्य को दिशा देकर राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समारोह में शिक्षकों ने सामूहिक नृत्य और गायन की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, वहीं विभिन्न खेलों ने आयोजन में उत्साह और उमंग भर दी। समारोह में मुख्य अतिथि सहित संगठन की पदाधिकारियों ने सभी शिक्षकों को उपहार भेंट कर उनके समर्पण, अथक परिश्रम और शिक्षा के क्षेत्र में दिए जा रहे अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया। विद्यालय की प्राचार्या आशा अवस्थी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन शिक्षकों के प्रति सम्मान और प्रोत्साहन की भावना को मजबूत करते हैं तथा उन्हें नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष अनीता गुप्ता, सचिव निकिता सिन्हा, स्कूल प्रभारी मरियम खान, कोषाध्यक्ष चंद्रिका गुप्ता सहित संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।

# सनातन धर्म प्रतिस्पर्धा नहीं, भक्ति सिखाता है



**नवभारत,जबलपुर।** श्री सनातन धर्म महासभा के जन्माष्टमी शोभायात्रा के नौ दिवसीय कार्यक्रमों के समापन पर नरसिंह मंदिर में आयोजित समीक्षा बैठक में जगद्गुरु नरसिंहपीठाधीश्वर डॉ. स्वामी नरसिंहदेवाचार्य महाराज ने कहा कि सनातन धर्म प्रतिस्पर्धा नहीं, भक्ति और सेवा सिखाता है। उन्होंने कहा कि उदार मन से किए गए कार्य से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है और परमात्मा व माता-पिता के आशीर्वाद से युवा संगठित होकर आगे बढ़ते हैं। महासभा अध्यक्ष श्याम साहनी, अशोक मनोध्याय, गुलशन मखीजा, लकी भाटिया, संदीप जैन, अंजू भार्गव, कविता दुबे व सोनल सेठी ने सहयोगी मंदिरों-संस्थाओं के प्रति आभार जताया। बैठक में लेखराज सिंह, प्रदीप गुप्ता, मुन्ना पांडे, पंकज श्रीवात्री, आलोक पाठक, मनोज शर्मा, राजेश सेठी, प्रवेश खेड़ा, विष्णु पटेल सहित अन्य ने विचार रखे। अंत में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भोग-भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

# हिंदी हमारी संस्कृति, संस्कार की सशक्त पहचान है : अमित राय



**नवभारत,जबलपुर।** अमित राय सदस्य हिंदी राजभाषा सलाहकार समिति, केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार ने हिंदी दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीं हैं। उन्होंने कहा है कि 'हिंदी हमारी भाषा ही नहीं, हमारी संस्कृति, संस्कार और राष्ट्रीय एकता की सशक्त पहचान है।' साथ ही अमित राय ने कहा कि

हिंदी भारत की आत्मा और जन-जन के भावों की सहज अभिव्यक्ति है। आइए, हिंदी दिवस के अवसर पर हम सभी हिंदी के सम्मान, संवर्धन एवं राजभाषा के रूप में उसके अधिकाधिक प्रभावी प्रयोग का संकल्प लें तथा हिंदी को ज्ञान, संवाद और राष्ट्र निर्माण की सशक्त भाषा बनाने में अपना योगदान दें।

# विश्वासघात : ट्रैक्टर के पुर्जे, डीजल किया पार

**नवभारत,जबलपुर।** पाटन थाना अंतर्गत कटरा बेलखेड़ा में एक मिस्त्री ने विश्वासघात करते हुए ट्रैक्टर चलाने लिया और उसके पुर्जे समेत तीस लीटर डीजल पार करने के बाद ट्रैक्टर को बजरंगगढ़ में छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है । पुलिस के मुताबिक राजेन्द्र सिंह लोधी 27 वर्ष निवासी वर्ष निवासी कटरा बेलखेड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दोपहर लगभग 3 बजे कटरा बेलखेड़ा के इंडियन आयल के पेट्रोल पम्प पर मायरा आटोमोबाइल कम्पनी का मिस्त्री उससे ट्रेक्टर ट्रायल करने के लिये ले जाने का कहकर ले गया और वापिस नहीं लौटा । बाद में उसे पता चला कि वाहन बजरंगगढ़ के पास आमखेड़ा के खेत में खड़ा है तब उसने जाकर देखा वाहन से बैटरी, इंजन आयल, हाइड्रोलिक आयल, हिच, डावर पट्टी, दो हिच के खीला और 35 लीटर डीजल नहीं था। मिस्त्री ने ट्रेक्टर से पुर्जे, डीजन चोरी किया ।

समारोह | युवा अधिवक्ताओं के लिए कार्यशालाएं आयोजित करने पर जोर दिया

# नवनिर्वाचित बार पदाधिकारियों का लॉयर्स फोरम ने किया सम्मान





**नवभारत,जबलपुर।** लॉयर्स फोरम, रांझी द्वारा 13 सितंबर को मस्ताना बारात घर में हाई कोर्ट अधिवक्ता संघ एवं जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना और वंदे मातरम् के गायन से हुई। इस दौरान असीम त्रिवेदी, शैलेंद्र सिंह ठाकुर, सुनीता सूद गुप्ता, शैलेंद्र यादव, नेहा मिश्रा, रविन्द्र दत्त, रीता नौटियाल, शशि तिवारी, विद्या कुशवाहा, अर्जुन साहू, प्रदीप परसाई (बाबा), धीरज खुल्लर, अमित कोहली, अमित आचार्य, प्रशांत नायक, सुदीप सिंह सैनी और विकास कुमार 'शंटू' सहित संघों के पदाधिकारियों तथा फोरम के संस्थापक व संरक्षक सदस्यों का स्वागत किया गया और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। वक्ताओं ने अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू करने, न्यायपालिका और अधिवक्ताओं के बीच बेहतर संवाद, तहसील न्यायालयों में अधिवक्ताओं व पक्षकारों के लिए पर्याप्त बैठने की व्यवस्था, जिला न्यायालय में सुविधाएं बढ़ाने तथा युवा अधिवक्ताओं के लिए कार्यशालाएं आयोजित करने पर जोर दिया।

### इनकी रही उपस्थिति

फोरम के संस्थापक सदस्यों बीएल सोनी, प्रीतम सिंह रघुवंशी, केआर लडिया और शिवकुमार कश्यप तथा संरक्षक सदस्यों राकेश पांडे, अशोक बर्मन, रंजीत ठाकुर, संजीव कनौजिया, अशोक रेड्डी, युवराज सिंह, प्रमोद पांडेय, विनोद जैन, टीसी लखेरा, आभा शर्मा, मुन्नालाल शर्मा, विनीत तिवारी, एलपी यादव, उमेश यादव, उमेश ठाकुर, एनबी गुरुंग, ऋषि राज कुशवाहा, सुनील कांबले, अशोक पटेल और वरिष्ठ अधिवक्ता प्रहलाद चौधरी का भी सम्मान किया गया। आयोजन में समिति सदस्यों सीपी सिंह, राजेंद्र मिश्रा, मनोज यादव, विनोद चौधरी, सुमित सेनगुप्ता, देवराज चौधरी, मुकेश कुशवाहा, आत्माराम लखेरा, पुष्पराज पांडे, पुष्पराज तिवारी, संतोष दुबे, नरेंद्र तिवारी, महेंद्र गुप्ता, धर्मेंद्र पटेल, घनश्याम तिवारी, शिवमोहन सिंह बघेल, अजय पटेल, सौरभ यादव, अजय गुप्ता, माधुरी साकेत, ममता पटेल, निशा यादव, दुर्गा सिंह, प्रमोद विश्वकर्मा और देवेंद्र खरे सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। संचालन राजेंद्र मिश्रा ने किया और आभार मनोज यादव ने माना। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, वहीं नोटरी रामदास शर्मा के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

# रंगों से सजा हिन्दी महोत्सव, 350 नन्हे कलाकारों ने उकेरी प्रकृति



**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश विद्युत परिवार हिंदी समिति और केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के संयुक्त तत्वावधान में रामपुर स्थित कल्याण भवन में चित्रकला प्रतियोगिता के साथ चार दिवसीय हिन्दी महोत्सव का आगाज हुआ। समिति अध्यक्ष फिरोज कुमार मेश्राम, अतिरिक्त मुख्य अभियंता अनुराग नायक, संयोजक दीपक निगम, उपाध्यक्ष नितिन खत्री और परिषद सचिव महेश चन्द बलोदी की मौजूदगी में आयोजित स्पर्धा में 350 स्कूली विद्यार्थियों ने पर्यावरण, प्रकृति और हिन्दी के प्रचार-प्रसार से जुड़े चित्रों में अपनी कल्पनाओं के रंग भरे। प्रतियोगिता को कक्षा 1 से 3, 4 से 7 और 8 से 10 के तीन वर्गों में रखा गया। निर्णायक कार्टूनिस्ट राजेश दुबे रहे, जिन्हें शॉल, श्रीफल और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। संचालन सुरेश त्रिवेदी ने किया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। आयोजन में पराग मिश्रा, अंकुर चौरसिया, शशिकांत ओझा, इकबाल खान, अमर कुशवाहा, संजय आनंद, सुहास कोरडे, संजय पोल, क्रिस्टोफर नरोन्हा, गौरव शर्मा, रोहित कुशवाहा, राकेश यादव, राकेश स्वामी और घनश्याम राने ने सहयोग दिया। बता दे कि 15 सितंबर को होगा मुख्य उद्घाटन, दोपहर 3 बजे शक्तिभवन स्थित केंद्रीय पुस्तकालय में डॉ. दीप्ति पटेल की मौजूदगी में महोत्सव का औपचारिक शुभारंभ होगा। इस दौरान कार्यालयीन टीप प्रतियोगिता के साथ समागम रंगमंडल द्वारा आशीष पाठक लिखित एवं निर्देशित और विनय शर्मा अभिनीत एकल नाटक 'पापकार्न' का मंचन किया जाएगा। कार्टूनिस्ट राजेश दुबे के कार्टून, छायाकार अजय धाबर्डे के छायाचित्रों और अजय यादव के संयोजन में पुस्तक प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। महोत्सव में हिन्दी, कला और साहित्य के रंग एक साथ नजर आएंगे।